## एक नजर में



### अभियान के तहत स्थापित किए पशु-पक्षियों के लिए जलपात्र

**भैरूंदा.** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अनेक जल संरक्षण एवं जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है. भैरूंदा के शासकीय संदीपनी स्कूल में एसडीएम सुधीर कुशवाह, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा अभियान के तहत पशु-पक्षियों के लिए जल पात्र स्थापित किए गए. इस अवसर पर हस्ताक्षर अभियान के अंतर्गत सभी जल संरक्षण पत्र पर हस्ताक्षर किए, पोस्टर बैनर के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश दिया और जल संरक्षण की शपथ ली.



### प्रतिभावान खिलाड़ी का विधायक ने किया उत्साहवर्धन

**सीहोर.** खेलो इंडिया स्पर्धा की सिल्वर मेडल विजेता खिलाड़ी को गुरुवार सुबह विधायक सुदेश राय ने निज निवास स्थित कार्यालय में आमंत्रित किया. प्रदेश लेबल पर आयोजित प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर खेल प्रतिभा कौशल दिखाने वाली मेघा शर्मा पुत्री पंकज शर्मा की विधायक सुदेश राय ने प्रशंसक कर उत्साह वर्धन किया. विधायक सुदेश राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव खेल युवक कल्याण विभाग मंत्री विश्वास सारंग प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के लिए सुविधाजनक खेल मैदान और कोच के साथ खेल सामग्री भी उपलब्ध करा रहे हैं. बच्चों को अब पढ़ाई लिखाई के साथ खेलने पर भी ध्यान देना चाहिए.



### महिला सुरक्षा को लेकर विफल प्रदेश सरकार : कांग्रेस

**बुधनी.** महिला उत्पीड़न के मुद्दे पर प्रदेश की सियासत तेज होती नजर आ रही है. प्रेस कॉन्फ्रेंस में कांग्रेस प्रदेश महासचिव कंचन शर्मा ने राज्य सरकार पर महिला सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठाए. उन्होंने कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे नारों के बावजूद महिलाओं के खिलाफ अपराध बढ़ रहे हैं और कई मामलों में दोषियों पर समय पर कार्रवाई नहीं होती. कंचन शर्मा ने प्रदेश में कानून-व्यवस्था को कमजोर बताते हुएआदिवासी महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों पर चिंता जताई. उन्होंने आरोप लगाया कि महिला उत्पीड़न और हिंसा की बढ़ती घटनाएं सरकार की विफलता को दर्शाती हैं.इस मुद्दे को लेकर प्रदेश से लेकर स्थानीय स्तर तक राजनीतिक गतिविधियां तेज हो रही हैं, जो आगामी दिनों में और बढ़ सकती हैं.



### पुलिस अधीक्षक कार्यालय की शाखाओं के कार्यों की समीक्षा

**सीहोर.** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय की स्टेनो शाखा, स्थापना शाखा, रीडर शाखा , वेतन शाखा, लीगल सेल, डीएसबी, डीसीबी, साइबर सेल, शिकायत शाखा एवं मेडिकल, टीए, अवकाश शाखा सहित रक्षित केंद्र के कार्यों की समीक्षा की गई . बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी शाखा प्रभारियों से उनके कार्यों की प्रगति, लंबित प्रकरणों एवं कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की गई तथा कार्यों में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए. इस अवसर पर एएसपी श्रीमती सुनीता रावत, रक्षित निरीक्षक उपेन्द्र यादव सहित सभी शाखा प्रभारीगण उपस्थित रहे.



### सेवानिवृत्ति पर नपा अध्यक्ष ने दी भावभीनी विदाई

**सीहोर.** नगर पालिका परिषदमें अपनी जीवन की लंबी पारी खेलने वाले सहायक राजेश सूर्यवंशी 39 वर्षों की सेवा के पश्चात मंगलवार को सेवानिवृत्त हो गए. उनके विदाई समारोह में नगर पालिका परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गयां जहां उन्हें ससम्मान विदाई देते हुए उनके भविष्य के लिए मंगलकामनाएं की गईं. नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने राजेश सूर्यवंशी को उनके सेवा काल के महत्वपूर्ण दस्तावेज भेंट किए और पुष्पहारों से उनका स्वागत किया. विदाई समारोह के दौरान वक्ताओं ने राजेश सूर्यवंशी के समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और मिलनसार व्यवहार की जमकर प्रशंसा की. सहयोगियों ने बताया कि उन्होंने हमेशा मुस्कुराते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया और आमजन की समस्याओं के समाधान में सहायक की भूमिका निभाई. नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ-साथ कई सामाजिक संगठनों ने भी उनका स्वागत किया। अहिरवार समाज के प्रदेश सचिव विनोद बड़ोदिया ने समाज की ओर से उनका विशेष सम्मान किया.

# दिक्कत! नया पुल बनने तक मरना मना है..

## बकरी पुल को तोड़कर बना रहे नया पुल, एप्रोच रोड न होने के कारण राहगीर व कस्बावासी हो रहे परेशान





**सीहोर.** पुराने हाईवे पर एक्सीलेंस स्कूल के समीप ब्रिटिशकालीन पुल को तोड़कर नया बनाए जाने की प्रक्रिया जारी है. ऐसे में एप्रोच रोड की सुविधा नहीं होने के कारण दुपहिया वाहन चालकों को नदी से होकर जाना पड़ रहा है.

- शवयात्रा व जनाजा ले जाते वक्त होती है काफी परेशानी
- जान का जोखिम उठाकर लोग खाली नदी से गुजर रहे

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 2 अप्रैल. शहर का ऐतिहासिक ब्रिटिशकालीन बकरी पुल अब केवल इतिहास के पन्नों में सिमटता नजर आ रहा है. वर्षों से यातायात का बोझ झेल रहे इस पुल को आखिरकार ऊंचा और चौड़ा बनाने के उद्देश्य से तोड़ा जा रहा है, लेकिन निर्माण कार्य की धीमी रफ्तार और वैकल्पिक व्यवस्थाओं के अभाव ने आमजन की परेशानियां कई गुना बढ़ा दी हैं.**

शहर के एक्सीलेंस स्कूल के समीप बना बकरी पुल हर साल बारिश के मौसम में यह पुल जलमग्न हो जाता था, जिससे आवागमन पूरी तरह बाधित हो जाता था. इसी समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रशासन द्वारा पुल का पुनर्निर्माण शुरू किया गया, लेकिन निर्माण कार्य शुरू होते ही क्षेत्रवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. सबसे बड़ी समस्या यह है कि पुल तो तोड़ दिया गया, लेकिन एप्रोच रोड या वैकल्पिक मार्ग की कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गइ.

स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि लोगों को अपने दैनिक आवागमन के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ रहा है. वहीं कस्बा क्षेत्र के रहवासी विशेष रूप से प्रभावित हैं. स्कूल जाने वाले बच्चों, कामकाजी लोगों और बुजुर्गों के लिए यह स्थिति बेहद कष्टदायक बन गई है.

सबसे संवेदनशील और चिंताजनक पहलू यह है कि इस अव्यवस्था के कारण अंतिम संस्कार और जनाजे तक ले जाना मुश्किल हो गया है. लोगों को दिवंगतों की अर्थी और जनाजे को दूसरे रास्तों से घुमाकर ले जाना पड़ रहा है, क्योंकि बकरी पुल की दूसरी तरफ छावनी विश्राम घाट है तो इंदौर नाके पर कब्रिस्तान है. ऐसे में भावनात्मक और सामाजिक दोनों स्तर पर परेशानी बढ़ रही है. इसी विडंबना को देखते हुए क्षेत्र में यह तंज सुनने को मिल रहा है कि पुल बनने तक मरना मना है. यह वाक्य भले ही व्यंग्यात्मक हो, लेकिन वर्तमान हालात की गंभीरता को बयां कर रहा है. स्थानीय लोगों में इस अव्यवस्था को लेकर आक्रोश बढ़ता जा रहा है. उनका कहना है कि पुल निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य के दौरान जिला प्रशासन को पहले लोगों के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था करनी चाहिए थी, ताकि आमजन को इस तरह की परेशानी न झेलनी पड़े.

अब क्षेत्रवासियों की मांग है कि प्रशासन जल्द से जल्द एप्रोच रोड तैयार करे या अस्थायी पुल/मार्ग की व्यवस्था करे, जिससे लोगों को राहत मिल सके. साथ ही निर्माण कार्य में तेजी लाकर इसे शीघ्र पूर्ण करने की आवश्यकता भी जताई जा रही है, ताकि शहर की जीवनरेखा माने जाने वाले इस मार्ग पर फिर से सुचारू आवागमन शुरू हो सके.

### मजबूर लोगों ने सूखी पड़ी नदी से जाना शुरू किया

बीते एक पखवाड़े से बकरी पुल टूटने के बाद कई दुपहिया वाहन चालक सूखी पड़ी सीवन नदी के रास्ते से ही आवागमन कर रहे हैं. यह रास्ता न तो सुरक्षित है और न ही व्यवस्थित, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है. फिसलन भरी सतह और असमान जमीन के कारण कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन मजबूरी में लोगों को इसी रास्ते का उपयोग करना पड़ रहा है.

## 24 घंटे में माल सहित ट्रक चोरी का खुलासा



**सीहोर.** थाना मण्डी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चोरी गए ट्रक को महज 24 घंटे के भीतर मय सामान के बरामद कर बड़ी सफलता हासिल की है. 31 मार्च को मुगीसपुर निवासी युसुफ पिता वहीद खां ने थाना मण्डी में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका ट्रक क्रमांक एमपी04 वायएन 8064 उसका ड्राइवर अजहर चलाता है. 29 मार्च को ड्राइवर अहमदाबाद से सामान लेकर मुगीसपुर आया और इंदौर रोड स्थित गुलशेर के होटल के सामने ट्रक खड़ा कर घर चला गया. अगले दिन मौके पर वाहन नहीं मिला. आसपास तलाश के बाद भी कोई सुराग नहीं लगने पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया. पुलिस ने प्रकरण कायम कर जांच शुरू की. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत एवं नगर पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिनंदना शर्मा के निर्देशन में थाना प्रभारी निरीक्षक सुनील मेहर के नेतृत्व में टीम गठित की गई. पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से चोरी गया ट्रक मय सामान के बरामद कर लिया. बरामद ट्रक में गृहस्थी का सामान सहित कुल कीमत करीब 10 लाख 50 हजार रुपये आंकी गई है. पुलिस ने ट्रक चोरी के आरोपियों की तलाश प्रारंभ कर दी है.

## अक्षय तृतीया पर न होने पाएं बाल विवाह

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 1 अप्रैल.** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आगामी 20 अप्रैल को अक्षय तृतीया पर बाल विवाह की संभावित घटनाओं को रोकने के लिए व्यापक अभियान संचालित करने के निर्देश जारी किए गए हैं.

निर्देशों के अनुसार सभी जिलों में कंट्रोल रूम स्थापित कर निगरानी रखी जाएगी. ग्राम स्तर पर बाल संरक्षण समितियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, आशा कार्यकर्ताओं एवं पंचायत प्रतिनिधियों को सक्रिय कर संदिग्ध विवाहों की सूचना तत्काल प्रशासन तक पहुंचाने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं. इसके साथ ही पुलिस, प्रशासन, शिक्षा और महिला बाल विकास विभाग के बीच समन्वय बनाकर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं. बाल विवाह की रोकथाम के साथ आम नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी जिोर दिया गया है. विभाग द्वारा नागरिकों से अपील की गई है कि वे बाल विवाह जैसी घटनाओं की जानकारी तुरंत संबंधित हेल्पलाइन नंबरों पर दें। इसके लिए चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 तथा पुलिस आपातकालीन सेवा 112 को सक्रिय रखा गया है, ताकि किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जा सके.

## विद्यालयों में विद्यार्थियों का हो शत-प्रतिशत नामांकन

- शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश
- किसी बच्चे को ड्राप आउट करने की नौबत न आए

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 2 अप्रैल.** कलेक्टर बालागुरू के. ने बैठक आयोजित कर शिक्षा विभाग की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए कक्षा पहली से कक्षा बारहवी तक के शासकीय स्कूलों में विद्यार्थियों के नामांकन की स्थिति की समीक्षा करते हुए नामांकन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए.

इसके साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तक वितरण प्रगति की भी समीक्षा की. बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए. जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. इसके अतिरिक्त एचपीवी टीकाकरण की समीक्षा करते हुए जागरूकता कार्यक्रम चलाने और शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए.

बैठक में कलेक्टर ने वर्ष 25-26 के लिए ई-स्कूल ड्रॉपआउट गैप का सत्यापन करने, विद्यार्थियों




के आधार अपडेट की स्थिति सुधारने व शिक्षकों की उपस्थिति की नियमित मॉनिटरिंग करने के निर्देश भी दिए. नवीन शौचालय निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने एवं सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत लंबित शिकायतों के त्वरित निराकरण पर जोर दिया.

## तीसरी आंख से परखने के बाद ही भाजपा देती पद

- नगर मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान
- नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर सहित अन्य नेतागण रहे उपस्थित

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 2 अप्रैल.** भाजपा की तीसरी आंख कार्यकर्ता की कार्यशैली और चरित्र पर नजर रखती है. कर्तव्य समर्पण जनसेवा अनुशासन होने पर ही भाजपा पद प्रदान करती है.

उक्त बात भाजपा के नव नियुक्त पदाधिकारियों के सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर ने कही.




उन्होंने कहा कि बड़े नेता की परिक्रमा आपको एक बार पद दिला सकती है लेकिन आप खरे नहीं उतरे तो अगली बार आप बाहर हो जाएंगे. वार्ड नंबर 19 के पार्षद नरेंद्र राजपूत मित्र मंडली के द्वारा नवनियुक्त जिला व मंडल पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा जिला महामंत्री पंकज गुप्ता जिला मंत्री प्रीति सोनी जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत,जिला कोषाध्यक्ष हेमलता विजेंद्र परमार, जिला कार्यालय मंत्री आशीष पचौरी, मंडल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति मंडल अध्यक्ष सुशील ताम्रकार ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी अटल बिहारी वाजपेई के चित्र पर माल्यार्पण एवं प्रज्ज्वलित कर किया गया. पार्षद नरेंद्र राजपूत के नेतृत्व में दोनों मंडल के नवनियुक्त पदाधिकारियों के द्वारा अतिथियों का स्मृति चिन्ह भेंटकर अंगवस्त्र और फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया गया.

## पेयजल व्यवस्था सुचारू बनाने के निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 2 अप्रैल.** कलेक्टर बालागुरू के. ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग एवं जल निगम की समीक्षा बैठक आयोजित कर जल जीवन मिशन सहित विभागीय कार्यों की समीक्षा की.

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल में पेयजल आपूर्ति बाधित न हो यह सुनिश्चित किया जाए.विकास कार्यों के दौरान पेयजल लाइनें क्षतिग्रस्त होती हैं तो उन्हें तत्काल दुरुस्त किया जाए तथा जहां पानी की उपलब्धता नहीं है, वहां ट्यूबवेल खनन को नदी-तालाब के आसपास प्राथमिकता दी जाए, ताकि पानी निकलने की संभावना अधिक हो. बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती सर्जना यादव ने भी दिशा निर्देश दिए. बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में जल जीवन मिशन के तहत स्वीकृत 332 नल जल योजनाओं में से 315 योजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं, जबकि शेष 17 योजनाओं को आगामी 15 दिनों में पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी पूर्ण कार्यों को समय पर हैंडओवर किया जाए तथा लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए.समीक्षा में बताया गया कि पेयजल शिकायतों के निराकरण हेतु खंड एवं उपखंड स्तर पर कंट्रोल का स्थापित किए गए हैं.

## विकासखंडों में 6 से लगेंगे पुस्तक मेले

**सीहोर.** विद्यार्थियों को उचित मूल्य पर पुस्तकें, स्टेशनरी एवं यूनिफार्म उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले के सभी विकासखंडों में 6 से 09 अप्रैल तक विकासखंड स्तरीय पुस्तक मेलों का आयोजन किया जाएगा. कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशानुसार सीहोर के एमएलबी स्कूल, आष्टा के शासकीय संदीपनी स्कूल, इछावर के शासकीय संदीपनी स्कूल, बुधनी के शासकीय संदीपनी स्कूल और भैरूंदा के शासकीय संदीपनी स्कूल में 06 से 09 अप्रैल तक प्रात: 10 बजे से शाम 06 बजे पुस्तक मेले आयोजित किए जाएंगे. गौरतलब है कि निजी स्कूलों एवं स्टेशनरी की दुकानों की मोनोपाली को खत्म करने के लिए शासन के निर्देश पर प्रशासन द्वारा पिछले साल की तरह सभी विकासखंड में पुस्तक मेला लगाया जा रहा है.

**धार्मिक** — हनुमान जन्मोत्सव पर आष्टा में निकला भव्य चल समारोह, मंदिरों में भगवान को चढ़ाया चोला

## अंजनी के लाल हनुमान के जन्मोत्सव पर मंदिरों में उमड़ी भीड़

**नवभारत न्यूज**

**सीहोर 2 अप्रैल.** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के अनन्य भक्त एवं माता अंजनी के लाल भगवान श्री हनुमान जी के जन्मोत्सव पर जिले भर में विभिन्न धार्मिक आयोजन जारी रहे.

आष्टा में गुरुवार को हनुमान जयंती की जबरदस्त धूम रही. शहर से लेकर गांवों तक, हनुमान मंदिरों में सुबह से ही पूजा-पाठ, महाआरती और भंडारों का दौर चला, जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया. हनुमान जयंती का मुख्य कार्यक्रम कृषि उपज मंडी स्थित हनुमान मंदिर में हुआ. यहां से चल समारोह निकाला गया, जो बुधवारा, बड़ाबाजार, और सिकंदर बाजार जैसे प्रमुख रास्तों से होता हुआ वापस मंडी पहुंचा. इसके बाद मंदिर परिसर में भंडारे का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में लोग जुटे.

आष्टा के ऐतिहासिक और 500 साल से भी ज्यादा पुराने खेड़ापति हनुमान मंदिर में भक्तों की खास आस्था दिखी. मंदिर के पुजारी महेश गिरी ने बताया कि यह मंदिर बहुत प्राचीन है और यहां हनुमान जी हर भक्त की मुराद पूरी करते हैं. पहले यह मंदिर घने जंगल और तालाब के किनारे हुआ करता था, लेकिन अब शहर बढ़ने से यह मुख्य बस्ती के पास आ गया है. यहां राम दरबार और शनि मंदिर होने की वजह से भी भक्तों की भीड़ लगी रहती है.

शहर के सेमिनरी रोड, बजरंग कॉलोनी और बुधवारा स्थित हनुमान मंदिरों में भी विशेष सजावट और महाआरती की गई. सिर्फ आष्टा शहर ही नहीं, बल्कि जावर, सिद्धिगंज, मेहतवाड़ा और कोठरी जैसे ग्रामीण इलाकों में भी हनुमान जन्मोत्सव पर बड़े कार्यक्रम और भंडारे आयोजित किए गए. पूरे क्षेत्र में सुबह से लेकर देर रात तक जय बजरंग बली के जयकारे गूंजते रहे।

**शाहगंज में धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव**

**शाहगंज.** नगर में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव से मनाया गयाा। नगर के सभी हनुमान मंदिरो में पूजन,अभिषेक एवं महाआरती का आयोजन किया गया. सुबह से ही श्रद्धालुओं ने हनुमान मंदिर पहुँचकर पूजा पाठ किया एवं बजरंगबली को चोला चढ़ाया. हनुमान जयंती के पावन अवसर पर मंदिरों में दिनभर सुन्दर कांड पाठ का आयोजन एवं श्री राम



नाम संकीर्तन चलता रहा इस अवसर पर कई जगह भंडारों का भी आयोजन किया गया. हनुमान जयंती पर प्रसिद्ध सीढ़ी घाट पर श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में मंदिर समिति के तत्वाधान में विशेष पूजन, हवन, बाल भोग एवं शाम 4 बजे से भंडारे का आयोजन किया गया. शाम को महाआरती एवं महा प्रसादी का वितरण किया गया. जन्मोत्सव पर संकट मोचन हनुमान मंदिर दशहरा मैदान पर सुंदरकांड का पाठ, भजन, कीर्तन एवं शाम को महा आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया गया. पुराना बस स्टैंड स्थित हनुमान मंदिर पर भी आरती का आयोजन किया गया.